बरेली, सोमवार
23 मार्च, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 14+4=18

दैनिक जागरण

PAGE NO : IV BOTTOM

गीत 'हमारी अटरिया पे' झूमे श्रोता

रिद्धिमा में प्रस्तुति देते कलाकार ● सौ. आयोजक

जासं, बरेली: रिद्धिमा में रविवार शाम आयोजित संपूर्ण भैरवी कार्यक्रम में गायन के विद्यार्थियों और गुरुओं ने अपने स्वरों का जादू बिखेरा। गायन के विद्यार्थियों अश्वथ कपूर, रेयांश, शालिनी पांडेय, ‚अर्णव कनौजिया आदि ने 'जगत जननी' की आराधना प्रस्तुत की। गायन गुरु सात्विक मिश्रा और डा. वंदना दुग्गल खन्ना ने राग भैरवी में अपनी प्रस्तुति दी। गुरु प्रियंका ग्वाल ने गीत 'सैंया निकल गए' और 'हमारी अटरिया पे' को स्वर देकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत इंस्ट्रूमेंट गुरुओं सूर्यकांत चौधरी (वायलिन), सुरेंद्र सिंह (परकसन), विशेष सिंह (गिटार), ऋषभ आशीष पाठक (पखावज), दीपकांत जौहरी (तबला), सीमा (सितार), जेरिक अमन जेम्स (कीबोर्ड एवं ड्रम) और दीपक राना (हारमोनियम) ने वाद्ययंत्रों के साथ कार्यक्रम का आरंभ किया। गायन के विद्यार्थियों ने विभिन्न फिल्मी गीतों के फ्यूजन को अपनी बंदिश और तराना में पेश किया। 'हमें तुमसे प्यार कितना' को इंदू परडल ने अपनी आवाज में प्रस्तुत किया। संचालन दीपाली सक्सेना ने किया। इस अवसर पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, देविशा मूर्ति, उषा गुप्ता, डा. रजनी अग्रवाल, सुभाष मेहरा आदि मौजूद रहे।